हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

14 पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने शहादत को किया नमन...



14 आदिवासी संस्कृति केवल हमारी पहचान ही नहीं...



## सुरक्षा के लिए महिला रक्षा टीम की नई पहल, लगाई जाएगी शिकायत पेटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

महिला रक्षा टीम ने एक सराहनीय और प्रभावी पहल की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य शिक्षण परिसरों में अध्ययनरत छात्राओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुँचाना है। यह पहल न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि उन्हें अपनी बात खुलकर रखने का मंच भी प्रदान करेगी।

महिला रक्षा टीम के द्वारा प्रारंभ की जा रही इस नई व्यवस्था के तहत जिले के गर्ल्स कॉलेज एवं गर्ल्स स्कूलों में महिला संबंधी शिकायतों और सुझावों के लिए विशेष सुझाव एवं शिकायत पेटी लगाई जाएगी। इस पेटी में केवल महिला एवं छात्राओं से जुड़ी समस्याएं, सुझाव या शिकायतें ही दर्ज की जा सकेंगी। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्राएं बिना किसी भय या दबाव के अपनी बात लिखित रूप में रख सकें। इस पहल की सबसे खास बात यह है कि प्रत्येक संस्थान में एक छात्रा को शिकायत पेटी की प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। यह प्रभारी छात्रा नियमित रूप से पेटी की निगरानी करेगी और उसमें प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं सुझावों की जानकारी सीधे महिला रक्षा टीम की डीएसपी को उपलब्ध कराएगी। इससे किसी भी स्तर पर शिकायतों के दबने या अनदेखी होने की संभावना समाप्त होगी और मामलों का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। महिला रक्षा टीम की यह पहल महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### शिकायतें सीधे डीएसपी तक, पूरी तरह सुरक्षित रहेगी गोपनीयता

#### शिकायतकर्ता की गोपनीयता रखी जाएगी

महिला रक्षा टीम के प्रभारी डीएसपी विंदेश्वरी पिंदे एवं प्रतिभा का मानना है कि कई बार छात्राएं संकोच या सामाजिक दबाव के कारण खुलकर शिकायत दर्ज नहीं कर पातीं। ऐसी स्थिति में यह शिकायत पेटी एक सुरक्षित और भरोसेमंद माध्यम साबित होगी। छात्राओं द्वारा दी गई जानकारी को पूरी गोपनीयता के साथ देखा जाएगा और प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा।




#### सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा का कहना है कि महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिला रक्षा टीम के माध्यम से गर्ल्स कॉलेज और गर्ल्स स्कूलों में सुझाव एवं शिकायत पेटी लगाने का उद्देश्य यह है कि छात्राएं बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे हम तक पहुँचा सकें। इस व्यवस्था में शिकायतकर्ताओं की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। हमें विश्वास है कि यह पहल शिक्षण परिसरों में महिलाओं की सुरक्षा, विश्वास और सशक्तिकरण को और मजबूत करेगी।

## कार्रवाई : जंगलों में सर्च ऑपरेशन तेज, सीमित इलाकों में सिमटे नक्सली

# केंद्रीय गृहमंत्री के अल्टीमेटम के 56 दिन शेष कांकेर में नक्सलियों की उलटी गिनती शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के पूर्ण सफाए के दिए गए अल्टीमेटम के अब केवल 56 दिन शेष रह गए हैं। नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलताएं मिली हैं। बीते महीनों में जहां कई बड़े नक्सली लीडर मुठभेड़ों में मारे गए हैं, वहीं कई दर्जन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का रास्ता चुना है। इन घटनाओं से नक्सली नेटवर्क बुरी तरह कमजोर हुआ है।

- पुलिस का नक्सलियों को खुला संदेश- समर्पण का यही है सबसे बेहतर समय
- खुफिया तंत्र के जरिए पुलिस नक्सलियों की हर गतिविधियों पर बनाए हुए है नजर
- नियद निल्लार योजना हो रहे विकास कार्यो से कमजोर पड़ा नक्सलवाद

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, अब कांकेर जिले में कंपनी नंबर 05 और परतापुर एरिया कमेटी से जुड़े केवल 25 से 28 नक्सली सक्रिय बचे हुए हैं, इसमें कंपनी नंबर 05 का कमांडर फागू उसकी पत्नी जानकारी, रूपी, चंदर और शंकर के साथ 25 से 28 नक्सली साथ में है, इसके अलावा महाराष्ट्र के भामरागढ़ में सक्रिय मल्लेश भी अपने 30 नक्सलियों के साथ इस टीम के साथ अबूझमाड़ और कांकेर की सीमा में ठिकाना बनाए हुए है। यह भी चर्चा है कि पुलिस और अर्धसैनिक बल इन सभी पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। खुफिया तंत्र के माध्यम से उनके मूवमेंट, ठिकानों और संपर्क सूत्रों की जानकारी जुटाई जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों का दावा है कि यह नक्सली अब सीमित इलाकों में सिमट गए हैं और उन पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।



पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हालिया अभियानों ने नक्सलियों की कमर तोड़ दी है। कई बड़े कैडर के मारे जाने से संगठन में डर और असमंजस का माहौल है। इसके साथ ही सरकार की पुनर्वास नीति और आत्मसमर्पण करने वालों को मिल रही सुविधाओं ने भी नक्सलियों के बीच सकारात्मक संदेश दिया है। इसी कारण हाल के दिनों में समर्पण की घटनाओं में तेजी देखी गई है। पुलिस का मानना है कि आने वाले दिनों में या तो शेष बचे नक्सली आत्मसमर्पण करेंगे या फिर सुरक्षा बलों के अभियानों में निष्क्रिय कर दिए जाएंगे। गृहमंत्री के अल्टीमेटम के मद्देनजर केंद्र और राज्य सरकार दोनों स्तरों पर लगातार निगरानी और समीक्षा की जा रही है।

#### अंदरूनी इलाको में विकास कार्य शुरू

सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे सघन सर्च ऑपरेशन से नक्सली लगातार दबाव में हैं। जंगलों और अंदरूनी इलाकों में कैंप स्थापित कर क्षेत्र में स्थायी सुरक्षा व्यवस्था बनाई जा रही है। नक्सल प्रभावित गांवों में सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों का भरोसा शासन-प्रशासन पर मजबूत हो रहा है। इसका सीधा असर नक्सलियों के जनसमर्थन पर पड़ा है।

#### समर्पण करने के लिए बेहतर समय

कांकेर पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने शेष बचे नक्सलियों से अपील की है कि वे समय रहते आत्मसमर्पण कर दें। समर्पण करने वालों के लिए यह सबसे बेहतर समय है। आत्मसमर्पण नीति के तहत उन्हें सुरक्षा, पुनर्वास, आर्थिक सहायता, आवास, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी सुविधाएं दी जा रही हैं, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। पुलिस अधिकारियों ने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य नक्सलियों को मारना नहीं, बल्कि उन्हें हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का अवसर देना है।

## घर के अंदर घुसकर मां व बेटी के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



कोरर थानांतर्गत ग्राम हरनपुरी में गांव के ही व्यक्ति ने पीड़िता के घर घूसकर मारपीट किया। घटना के समय घर में मॉ-बेटी के अलावा कोई नही था। आरोपी द्वारा जबरदस्ती घर में घूसकर घटना को अंजाम दिया। मारपीट का शिकार हुए पीड़ित ने जब अन्य लोगो को अवाज दिया तब आरोपी डरकर वहां से भाग निकला।

- गांव के ही व्यक्ति पर मामला दर्ज

कोरर थाना में शिकायत करने पहुंचे बड़ेपारा हरनपुरी निवासी 18 वर्षीय सुरेखा हिड़को पिता फागू राम हिड़को ने पुलिस को बताया कि 2 फरवरी को शाम करीबन साढ़े 7 बजें मॉ परमिला हिड़को के साथ घर में थी और मेरे पिता गांव के शीतला मीटिंग में गया था। उसी समय हमारे गॉव के हरेन्द्र पोया हमारे घर के बाहर से आवाज देते हुए घर के अंदर आया और बोला कि इंदिरा आवास के संबंध में पंचायत में मीटिंग बुलाए है। इतना में मेरी मॉ बोली कि हमारा घर तो बन गया है, मीटिंग क्यों बुलाऐंगे बोलने के बाद हरेन्द्र पोया बोला कि तुम्हारे घर दारू है क्या? तब मेरी मॉ बोली कि हमारे गांव में तो दारू बंद है, हम लोग दारू नही बनाते है। ऐसा बोलने पर हरेन्द्र पोया पहले से अपने हाथ में पकड़े रेत को मेरी मॉ के ऑख में फेंक दिया और मेरी मॉ के साथ मारपीट कर उसके बाल को पकड़कर उसके गला को दबा रहा था। मॉ चिल्ला रही थी तब मै बचाव करने के लिए उनके पास गई तो हरेन्द्र पोया ने मेरे बाल को पकड़कर घसीटते एवं खीचते हुए मुझे बाड़ी कि ओर धकेल दिया। बाल व हाथ पकड़कर घसिटने से मुझे दर्द हुआ तो मैं जोर जोर से चिल्लाने लगी, चिल्लाने कि आवाज को सुनकर रास्ता में जा रहें कुछ लोग मेरे तरफ आए। उन लोगो को देखकर आरोपी हरेन्द्र पोया वहां से भाग गया। हरेन्द्र पोया द्वारा मारपीट करने से मुझे व मेरी मॉ को चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हरेन्द्र पोया के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 333 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### वीबी जी रामजी के तहत संकल्प दिवस का आयोजन



**दुर्गूकोदल।** ग्राम पंचायत दुर्गूकोदल, खुटगांव, सिहारी, सुखई, चाउरगांव, चिखली एवं लोहत्तर में विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 8 फरवरी 2026 तक अधिकार संरक्षण संकल्प दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह आयोजन जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के निर्देशन में हो रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण रोजगार अधिकारों को सुदृढ़ करना, मजदूरों को उनके वैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा पारदर्शी और समयबद्ध भुगतान प्रणाली को सुनिश्चित करना रहा।

### अधेड़ ने फांसी लगा दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कोरर अंतर्गत परसोदा निवासी 35 वर्षीय सुमरीत राम मंडावी पिता सुकलूराम ने फांसी लगाकर जान दे दी। फांसी लगाने के कारणो का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस कई एंगलों में जांच करने में जुटी हुई है। परसोदा निवासी सुकलूराम मंडावी ने पुलिस को बताया कि सुमरीत ने 2 फरवरी को शाम करीबन 5 बजे फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने मारा छापा, तीन लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने 2 फरवरी कि रात साढ़े 10 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 45 वर्षीय सरजू यादव पिता स्व. रामप्रसाद के कब्जे से महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। जानकारी कि तस्दीक कर पुलिस ने कार्यवाही किया और आरोपी के कब्जे से 3 लीटर देशी महुआ शराब जिसकी कीमत 400 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### एकलव्य में प्रवेश के लिए 7 तक लिए जाएंगे आवेदन

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 7 फरवरी तक मंगाए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयां में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों एवं मंडल संयोजक, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

### पलाचूर में 8-9 फरवरी को माता पहुंचानी और लगेगा देव मेला

**दुर्गूकोदल।** ग्राम पंचायत दुर्गूकोदल के आश्रित ग्राम पलाचूर में धार्मिक परंपराओं के अनुरूप माता पहुंचानी एवं देव मेला का आयोजन 8 फरवरी को विधिविधान के साथ माता पहुंचानी का कार्यक्रम संपन्न होगा। 9 फरवरी सोमवार को भव्य देव मेला आयोजित किया जाएगा।ग्राम गायता संग्राम नरेटी, बैजनाथ नरेटी, ग्राम पटेल दुलुम साय नरेटी, शिवलाल मरकाम एवं सुखराम नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जा रहा है।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, सट्टा खिलाने वाला खाईवाल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

थाना चारामा पुलिस ने जुआ-सट्टा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सट्टा खिलाने वाले खाईवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से मोबाइल फोन, नकद रकम और हजारों रुपएं की सट्टा-पट्टी जब्त की गई है। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि चारामा के वार्ड क्रमांक 4 शीतलापारा में एक व्यक्ति पान ठेले के पास अंकों पर पैसे का दांव लगाकर सट्टा लिख रहा है। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और परमेश्वर यादव को पकड़कर उसके पास से सट्टा लिखी पर्ची, डॉट पेन और 2 हजार 330 रुपएं नगद जब्त किया। पूछताछ के दौरान परमेश्वर यादव ने बताया कि वह यह सट्टा नरू सेठ उर्फ नरेश बच्छाणी निवासी बंगलापारा चारामा के कहने पर लिख रहा था। इसके बाद पुलिस ने 3 फरवरी को कार्रवाई करते हुए नरू सेठ उर्फ नरेश बच्छाणी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एंड्रॉयड मोबाइल, नकदी रकम और हजारों रुपएं की सट्टा-पट्टी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।



## प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ पखांजुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक व्यक्ति को भारी मात्रा में प्रतिबंधित टैबलेट्स के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि छोटेकापसी स्थित हाई स्कूल खेल मैदान में नशीली दवाओं की बिक्री की जा रही है। जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने तत्काल इलाके की घेराबंदी की और छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया। मौके पर पीव्ही 2 देवपुर निवासी 36 वर्षीय प्रकाश बैरागी को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 282 टैबलेट के कुल 9 स्ट्रिप और नगद एक हजार रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना पखांजुर में एनडीपीए एक्ट की धारा 21 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में जानकारी देने हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ के द्वारा बीए, बीएससी एवं बीकॉम-द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को जेनरिक इलेक्टिव, डिसिप्लिन स्पेसिफीक इलेक्टिव, स्किल एन्हासमेंट कोर्स एवं अबिलिटी एन्हासमेंट कोर्स के चयन तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रकोष्ठ के संयोजक रवीन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को बताया की प्रथम सेमेस्टर के जैसे द्वितीय सेमेस्टर में भी सभी विद्यार्थियों को जेनरिक इलेक्टिव के रूप में अपने संकाय को छोड़ कर, दूसरे संकाय का एक कोर्स लेना अनिवार्य है। चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को जेनरिक इलेक्टिव और डिसिप्लिन स्पेसिफीक ▸▸ शेष पेज 14 पर

- सेमेस्टर अनुसार कोर्स चयन और ऑनर्स डिग्री की दी गई जानकारी
- स्किल एन्हासमेंट कोर्स से रोजगारोन्मुख शिक्षा पर जोर



### फरवरी माह में होलाष्टक के चलते फिर लगेगा आठ दिनों का ब्रेक

## दो महीने के ब्रेक बाद लौटा शादियों का सीजन, 5 फरवरी से बजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

पिछले दो महीने से सूर्य अस्त होने के चलते लगे मांगलिक कार्यों में ब्रेक अब हट गया है। सूर्य उदय होने के साथ ही अब पांच फरवरी से शहनाइयां गूंजने लगेंगी। इस साल फरवरी महीने में शादी के सर्वाधिक शुभ मुहूर्त हैं, जिसका असर है कि इस महीने शादियों की संख्या भी ढेरों हैं। आलम यह है कि शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर छोटा-बड़ा भवन, होटल और मैरिज लॉन पहले से ही बुक हो चुके है।

हालांकि शादियों का सीजन लौटने से शहर के बाजारों में एक बार फिर रेशमी साड़ियों की चमक, सराफा बाजार में रौनक और कपड़ों की दुकानों में ग्राहकी बढ़ जाएगी। पंडितो के अनुसार इन तिथियों पर शहर के सभी मैरिज पैलेस व होटलों में भीड़ रहने की संभावना है। फरवरी के मुख्य मुहूर्त की शुरुआत आगामी पांच फरवरी से हो रही है। इस महीने 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20 और 21 फरवरी को मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त है। साल में सर्वाधिक मुहूर्त होने के कारण फरवरी में शादियों की संख्या भी अधिक है। इसके बाद होली का आगमन होगा और फिर से शुभ कार्यों पर विराम लग जाएगा।

#### सालभर में 59 शुभ मुहूर्त

ज्योतिष गणना के अनुसार एक फरवरी को शुक्र ग्रह का उदय हो गया है, जिसके बाद 5 फरवरी से विवाह के मंगल गीत गूंजने शुरू हो जाएंगे। इस साल विवाह के लिए कुल 59 शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। इनमें से सबसे अधिक 12 मुहूर्त अकेले फरवरी के महीने में है। ऐसे में विवाह मुहूर्त के लिए लोगों की निगाहें फरवरी और आने वाले महीनों पर टिकी हुई है। हालांकि 23 जनवरी बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त होने के कारण बिना पंचांग देखे भी शादियां की गई हैं। साल में सर्वाधिक मुहूर्त होने के कारण फरवरी में शादियों की संख्या भी अधिक है।




#### तीन दफा लगेगा शादियों में ब्रेक

इस साल शादियों में खरमास, अधिक मास और चातुर्मास के चलते लंबा ब्रेक रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार 14 मार्च से 13 अप्रैल तक खरमास, जब सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेंगे, तब एक महीने तक कोई शादी नहीं होगी। 17 मई से 15 जून ज्येष्ठ अधिकमास, इस बार ज्येष्ठ का महीना दो बार पड़ रहा है, इसलिए पहले महीने में शादी-ब्याह नहीं हो सकेंगे। वहीं 25 जुलाई से 20 नवंबर चातुर्मास, इन 4 महीनों के लिए भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाएंगे। इस दौरान देशभर में शादियां रुक जाएंगी।

#### 24 से होलाष्टक, फिर लगेगा ब्रेक

पांच फरवरी से शादियों की शुरुआत होने जा रही है, वहीं फरवरी माह के अंत में 24 फरवरी से होलाष्टक शुरू हो जाएगा, जिसके बाद 8 दिनों तक हिंदू धर्म में शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। ऐसे में तीन मार्च को शाम 6 बजकर 22 मिनट से रात 8:50 के बीच शुभ मुहूर्त में होलिका दहन होगा। रंगोत्सव 4 मार्च को धुलेंडी के साथ रंगों वाली होली मनाई जाएगी। जिसके बाद पुनः शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाएगी।

## अवैध अंग्रेजी शराब बेचने वाला हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना

थाना सरोना अंतर्गत ग्राम चोरिया में पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए शराब कोचिए के कब्जे से अंग्रेजी व देशी को जप्त किया। आरोपी के कब्जे से कुल साढ़े 3 हजार रूपएं के शराब और नगद 250 रूपएं को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि ग्राम चोरिया निवासी राजेश कुमार शोरी अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब रखकर बिक्री कर अवैध रूप से पैसा कमाता है। पुलिस ने मिली जानकारी कि तस्दीक किया औरा चोरिया बड़ेपारा पहुंचकर आरोपी राजेश कुमार शोरी के घर दबिश दिया। तलाशी के दौरान कमरा के अंदर चांवल बोरी में रखे अंग्रेजी शराब 24 नग, बियर 3 नग, शोले प्लेन देशी शराब 5 नग कुल 7.170 लीटर शराब, जिसकी कीमत 3 हजार 880 रूपएं व नगद 250 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ 6 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाई किया गया।



- 3 हजार 880 रू की शराब जब्त

# खाली बोतलों के सहारे तैरना और विद्यार्थियों ने किया सीपीआर का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर की लहरें मंगलवार को केवल शांत खूबसूरती की गवाह नहीं थीं, बल्कि वे गवाह बनीं अदम्य साहस, प्रशासनिक मुस्तैदी और आपदा प्रबंधन की एक शानदार पाठशाला की। आगामी मानसून और बाढ़ की संभावित विभीषिका से निपटने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल और नगर सेना ने एक संयुक्त अभ्यास को अंजाम दिया। इस पूर्वाभ्यास ने न केवल प्रशासन की तैयारियों को परखा, बल्कि बस्तरवासियों को यह विश्वास भी दिलाया कि संकट के समय देसी तकनीक और सूझबूझ का सही तालमेल कैसे जीवन रक्षक बन सकता है। अभ्यास की शुरुआत होते ही दलपत सागर का पूरा तट मोटर बोट्स की गर्जना से गूंज उठा। एक काल्पनिक बाढ़ की स्थिति निर्मित की गई, जिसमें पानी में फंसे लोगों को बचाने की चुनौती सामने थी। पलक झपकते ही राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के जवान हरकत में आए और गहरे पानी में उतरकर युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान जवानों ने डूबते हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का जीवंत प्रदर्शन किया। इसके साथ ही नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की तकनीकों का भी अद्भुत प्रदर्शन किया। इस पूरे अभियान में सबसे रोचक और शिक्षाप्रद पहलू आपदा में आविष्कार की भावना रही। जहां एक ओर लाइफ बॉय और लाइफ जैकेट जैसे मानक उपकरणों का उपयोग किया गया, वहीं दूसरी ओर जवानों ने यह भी सिखाया कि यदि बाढ़ के वक्त प्रोफेशनल उपकरण न हों, तो कैसे घर में पड़ी पानी की खाली बोतलों और तेल के खाली कनस्तरों को रस्सी से बांधकर तत्काल जीवनरक्षक उपकरण तैयार किए जा सकते हैं। इन घरेलू जुगाड़ के सहारे जवानों ने बिना किसी बाधा के पानी में तैरकर दिखाया, जिससे वहां मौजूद हर शख्स चकित रह गया और यह संदेश गया कि सूझबूझ से सीमित संसाधनों में भी जान बचाई जा सकती है।



### सीपीआर देने का वैज्ञानिक तरीका समझाया

रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद जीवन बचाने की यह मुहिम तट पर भी जारी रही, जहां पानी से बाहर निकाले गए व्यक्ति की जान बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया सीपीआर देने का वैज्ञानिक तरीका समझाया गया। इस प्रशिक्षण को और अधिक व्यावहारिक बनाने के लिए वहां मौजूद एक स्थानीय विद्यार्थी को आगे बुलाया गया, जिसने जवानों के मार्गदर्शन में डमी पर सीपीआर का सटीक प्रदर्शन कर यह साबित किया कि अब नई पीढ़ी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार हो रही है।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनज़र ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** शाला एवं महाविद्यालयीन शिक्षा सत्र 2025–26 में आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों एवं परीक्षार्थियों के अध्ययन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत आदेश जारी – कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नुपूर राशि पन्ना ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5(2) एवं धारा 10(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है।
जारी आदेश के अनुसार संपूर्ण कोण्डागांव जिले में 3 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक की अवधि में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं कोलाहल पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, अधिनियम की धारा 13(1) में उल्लेखित विशेष अवसरों को इस प्रतिबंध से पृथक रखा गया है। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### परीक्षाओं के मद्देनजर कोलाहल पर लगा पूर्ण प्रतिबंध

**जगदलपुर।** बस्तर जिला प्रशासन ने आगामी स्कूली और महाविद्यालयीन परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील निर्णय लिया है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में किसी भी प्रकार का खलल न पड़े और वे एकाग्रचित्त होकर अपनी तैयारी कर सकें, इस उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आकाश छिकारा ने पूरे बस्तर जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। प्रशासन द्वारा जारी इस आदेश के अनुसार, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की विभिन्न धाराओं के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक लाउडस्पीकर, डीजे और तीव्र ध्वनि उत्पन्न करने वाले अन्य यंत्रों के प्रयोग पर रोक रहेगी। कलेक्टर ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षाएं निकट हैं।

## जागरुकता, प्रशिक्षण और सम्मान से बना जन–आंदोलन

# सड़क व साइबर सुरक्षा को लेकर माहभर चलाया गया जन-जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला कोंडागांव यातायात पुलिस विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का भव्य समापन समारोह 2 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे ऑडिटोरियम भवन, कोंडागांव में उत्साह, गरिमा और जन–जागरूकता के वातावरण में संपन्न हुआ। यह अभियान 1 से 31 जनवरी 2026 तक पूरे जिले में चलाया गया।

■ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 का हुआ भव्य समापन

इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह में यातायात नियमों की जागरूकता के साथ–साथ साइबर सुरक्षा को विशेष रूप से जोड़ा गया। मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए ड्राइविंग, ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग कॉल–मैसेज जैसे खतरों से नागरिकों को सतर्क रहने का संदेश दिया गया। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रलय द्वारा आयोजित यह 37वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह रहा, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की भावना को सशक्त करना रहा।




### माहभर चले जागरुकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम

अभियान के दौरान जिले भर में स्कूल, कॉलेज, आईटीआई, बाजार एवं ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ नाटक, रैलियां, पोस्टर–बैनर प्रदर्शनी स्लोगन प्रतियोगिता एवं जागरूकता सभाएं सुरक्षित ड्राइविंग प्रशिक्षण सत्र एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए गए। हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग शराब/नशे की हालत में वाहन न चलाना तेज गति और मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइविंग पर रोक बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा थकान या नींद में वाहन न चलाना।

### साइबर जागरुकता अभियान

ड्राइविंग के दौरान हैंड्स–फ्री ब्लूटूथ का प्रयोग, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, फेक कॉलध्मैसेज की पहचान, ओटीपी व व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा साइबर अपराध की शिकायत प्रक्रिया पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। साथ ही गुड समैरिटन नीति के प्रति भी जागरूकता फैलाई गई। समापन समारोह में यातायात नियमों का उत्कृष्ट पालन करने वाले वाहन चालकों, संस्थाओं एवं जागरूक नागरिकों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया। साइबर जागरूकता में सक्रिय सहभागियों को भी प्रोत्साहित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

समारोह में कोंडागांव विधायक लता उसेंडी मुख्य अतिथि रहीं। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक पुलिस अधिकारी–कर्मचारी, छात्र–छात्राएं और आम नागरिक शामिल हुए।

### कोंडागांव पुलिस की अपील

जिला कोंडागांव पुलिस ने नागरिकों से अपील की हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट लगाएं। नशे की हालत में वाहन न चलाएं ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करें अनजान लिंक, कॉल और मैसेज से सतर्क रहें। नियमों का पालन कर सुरक्षित सड़क और सुरक्षित डिजिटल जीवन अपनाएं। समापन समारोह में सभी उपस्थितजनों ने सड़क और साइबर सुरक्षा के प्रति सतत सजग रहने का संकल्प लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में पदक जीतने वाले खिलाड़ी मिले कलेक्टर से



**हरिभूमि न्यूज : फरसगांव/कोण्डागांव।** 9वीं अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता 30 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित किया गया था, जिसमें कोंडागांव जिले के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मैडल जीते। कोंडागांव वापसी पर इन खिलाड़ियों ने जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से आज सौजन्य मुलाकात करते हुए प्रतियोगिता में शामिल होने संबंधी जानकारी दी।

कलेक्टर ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में पदक जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि जिले के लिए उपलब्धि है कि हमारे खिलाड़ी अपनी पहचान राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने आप सभी खिलाड़ी ऐसे ही आगे बढ़ते रहें। छत्तीसगढ़ शोतोकॉन कराटे- डू एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक सिहान सरजीत सिंह बख्शी के नेतृत्व में कोंडागांव जिला कराते संघ के प्रशिक्षक, खिलाड़ी राकेश कुमार कांगे कुमिते इवेंट में सिल्वर मेडल, रिद्धिमा जायसवाल कुमिते इवेंट में गोल्ड मेडल, कु.जिज्ञासा सिंह ठाकुर ने काता/कुमिते इवेंट में ब्राउंस मेडल और काव्यांश कश्यप ने भी कुमिते इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्था के सभी प्रशिक्षक अन्य सदस्यों ने भी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी।

## लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने चलाया ज्ञापन अभियान

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव द्वारा संविलियन पूर्व सेवा गणना सहित विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में प्रांतीय निर्देशानुसार सौंपा गया।

संघ द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के निर्णय के अनुसार प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पुरानी पेंशन का लाभ, 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन, पूर्व सेवा की गणना कर क्रमोन्नति, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने सहित विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। 2 फरवरी सोमवार को सायं 4.30 बजे जिला मुख्यालय कोण्डागांव में कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी, फरसगांव व केशकाल में अनुविभागीय अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बड़ेराजपुर एवं माकड़ी में तहसीलदार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया।



**इस प्रकार रहीं प्रमुख मांगें :** पेंशन निर्धारण के लिए 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर 50 प्रतिशत पेंशन का प्रावधान। न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा अवधि पर पेंशन निर्धारण का प्रावधान। पदोन्नति एवं क्रमोन्नति से वंचित शिक्षकों को वन टाइम रिलेक्सेशन के तहत लाभ। 2012 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर पुनर्विचार याचिका। डीएड योग्य सहायक शिक्षकों के लिए 6 माह का बीएड ब्रिज कोर्स प्रारंभ करने की मांग। वीएसके ऐप के स्थान पर बायोमैट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज कराने की मांग।

### 7 फरवरी को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी रणनीति तय करने के लिए 07 फरवरी 2026 को जिला स्तरीय बैठक कोण्डागांव में आयोजित की जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में प्रांतीय, जिला एवं विकासखड स्तर के पदाधिकारी एवं शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिनमें चन्द्रकांत ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव, दंतेश्वरी नायडू, संजय राठौर, मन्नाराम नेताम, रमेश प्रधान, डूमनराम मरकाम, रामसिंह मरावी, सुकुराम नेताम सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं और मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय–सीमा बैठक के उपरांत आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे आम नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनदर्शन के दौरान पानी, भूमि मुआवजा, धान खरीदी सहित अन्य विषयों से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम मगेदा निवासी बसमन नेताम ने माकड़ी छात्रवास में पेयजल समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम बनियागांव निवासी रामनाथ नेताम ने रेलवे परियोजना से प्रभावित भूमि का मुआवजा दिलाने की मांग रखी। ग्राम बम्हनी निवासी दिनेश सिंह ठाकुर ने धान टोकन की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन सौंपा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई एवं अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर भी उपस्थित रहे।

■ आवेदनों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं करेंगे बर्दाश्तः कलेक्टर

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

■ साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव–पूर्व एवं प्रसव–पश्चात नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से उच्च जोखिम एचआरपी वाली गर्भवती महिलाओं की देखभाल में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र शामपुर में स्वास्थ्यकर्मियों की गंभीर लापरवाही सामने आने पर कलेक्टर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित आरएचओ को तीन माह का अवैतनिक अवकाश एवं सीएचओ की सेवा समाप्त किए जाने की कार्रवाई की गई।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने के निर्देश

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ को निर्माण कार्यों में तेजी लाकर आवासों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जल जीवन मिशन सहित अन्य शासकीय योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर और एसपी ने मेला आयोजन को लेकर ली तैयारी बैठक

# कोण्डागांव के वार्षिक मेले का 24 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

कोण्डागांव का पारंपरिक वार्षिक मेला मड़ई प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 फरवरी से 01 मार्च 2026 तक पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ आयोजित किया जाएगा। मेला के सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं गरिमामय आयोजन को लेकर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मेला आयोजन से संबंधित जिम्मेदारियां सौंपी गईं एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए सतर्कता बरतने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल, बेरिकेटिंग एवं सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए।



**यातायात व्यवस्था और समय सीमा तय :** मेला अवधि के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भारी वाहनों की आवाजाही बायपास मार्ग से कराने पर चर्चा हुई। मेला आयोजन एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रें के उपयोग की अनुमति रात्रि 10 बजे तक ही दी जाएगी। कोलाहल अधिनियम के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**निशा जतरा एवं देवी परिक्रमा को लेकर निर्देश :** 23 फरवरी की रात्रि आयोजित निशा जतरा कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं 24 फरवरी को होने वाली देवी परिक्रमा के मार्ग को सुव्यवस्थित रखने एवं साफ–सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

**पार्किंग व बेरिकेटिंग की व्यवस्था :** सुरक्षा एवं यातायात नियंत्रण के लिए मंडी परिसर, किशोर टॉकीज के पास एवं सुविधानुसार अन्य स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था करने तथा पार्किंग एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए गए।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन :** मेला परंपरा अनुसार 25 फरवरी को एनसीसी ग्राउंड में देवी–देवता पहुंचेंगे। 26 फरवरी से 28 फरवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी। निर्देशित किया गया। साथ ही 25 से 28 फरवरी तक एनसीसी ग्राउंड में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### स्वास्थ्य, बिजली और पेयजल की व्यवस्था

मेले के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेंस एवं चिकित्सकों की टीम तैनात की जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा कंट्रोल रूम एवं सहायता केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा विद्युत, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका सीएमओ दिनेश डे, मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी, पार्षदगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 28 आत्मसमर्पित माओवादियों के जीवन में घुल रहे कौशल के रंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे लोगों के जीवन में अब उम्मीद की नई किरण दिखाई देने लगी है। इसी बदलाव का साक्षी बनने और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा मंगलवार को आड़ावाल स्थित नुवा बाट पहुंचे। जिला प्रशासन का यह दौरा केवल एक औपचारिक निरीक्षण नहीं था, बल्कि उन 28 आत्मसमर्पित माओवादियों के प्रति शासन की संवेदनशीलता का प्रतीक था, जो अब जंगलों की भटकन छोड़कर कौशल विकास के जरिए अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। कलेक्टर ने बारिकी से यह जाना कि उनकी ट्रेनिंग किस स्तर पर चल रही है और क्या उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना तो नहीं करना पड़ रहा। इस दौरान प्रशासन का पूरा जोर इस बात पर रहा कि मुख्यधारा में लौटे ये लोग न केवल हुनरमंद बनें, बल्कि स्वाभिमान के साथ अपना जीवन भी व्यतीत करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन और डिप्टी कलेक्टर नंदिनी साहू भी मौजूद रहीं।

**युवाओं में दिखा उत्साह :** अधिकारियों ने नुवा बाट की गतिविधियों को देखा और यह सुनिश्चित किया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। बंदूक छोड़कर हाथों में औजार थामने वाले इन युवाओं का उत्साह और प्रशासन की यह पहल बस्तर में शांति और विकास की एक नई इबारत लिख रही है।

# स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर विशेष रूप से फोकस होगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान 2.0 का ब्लॉक स्तरीय शुभारंभ विगत दिवस जनपद पंचायत कार्यालय कुआकोंडा में किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष शुकालु मुंडामी, जनपद उपाध्यक्ष दीपिका सुमित भदौरिया, नकुलनार सरपंच रंजना कश्यप, उप संचालक पंचायत तरुण कुमार तथा जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुन्ना राम कश्यप सहित जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं मैदानी अमले की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के माध्यम से आंकड़ा आधारित, परिणामोन्मुखी एवं नवाचार आधारित विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि तथा आधारभूत सेवाओं के क्षेत्रों में ठोस सुधार के लिए विभागीय समन्वय के साथ कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में विकास सहयोगी संस्थाओं ट्राई एवं पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रही, जिन्होंने अभियान के सफल क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर सम्पूर्णता अभियान 2.0 की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि ब्लॉक को केंद्र स्तर पर ब्रॉन्ज पुरस्कार प्राप्त हुआ था, जो विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय एवं समुदाय की सक्रिय सहभागिता का परिणाम है। अधिकारियों ने कहा कि पूर्व अनुभवों से सीख लेकर इस वर्ष अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि सम्पूर्णता अभियान 2.0 का संचालन 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों को नियमित पूरक पोषण उपलब्ध कराने, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का समय पर वजन एवं लंबाई मापन सुनिश्चित करने, सभी कार्यरत आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यशील शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, विद्यालयों में बालिकाओं हेतु सुरक्षित शौचालय तथा पशुओं के शत-प्रतिशत खुरपका-मुंहपका रोग टीकाकरण को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि इस वर्ष ब्लॉक का लक्ष्य गोल्ड पुरस्कार प्राप्त करना है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सशक्त समन्वय, नियमित समीक्षा एवं व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए अभियान को मिशन मोड में संचालित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पद्मश्री सम्मान प्राप्त होने पर बुधरी ताती का सम्मान



**गीदम।** क्षेत्र की गौरवशाली शख्सियत दीदी बुधरी ताती को भारत सरकार ने पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने पर विकासखंड शिक्षा परिवार की ओर से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक जितेन्द्र चौहान उपस्थिति रही। साथ ही विकासखंड अंतर्गत सभी संकुल समन्वयक भी उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी व खंड स्रोत समन्वयक ने कहा कि दीदी बुधरी ताती को प्राप्त यह सम्मान पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनका सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विकासखंड शिक्षा परिवार द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि पर पुनः बधाई दी गई।

### विकास के सभी लक्ष्य हासिल करने का लिया संकल्प



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के आकांक्षी विकासखंड तोकापाल में विकास की नई इबारत लिखने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और आम जनता के बीच अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जहां सभी ने एक सुर में क्षेत्र के समग्र विकास का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन ने डेवलपमेंट पार्टनर के रूप में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे आयोजन को एक नई दिशा मिली। आयोजन के दौरान तोकापाल विकासखंड में जनकल्याणकारी गतिविधियों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिला सशक्तिकरण रहा, जहां राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग क्लस्टर के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 15 लाख रुपये के रिवॉल्विंग फंड का चेक सौंपा गया।

### केन्द्रीय विद्यालय में हुआ अंतर विद्यालय प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

**गीदम।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा में परीक्षा पे चर्चा एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर एक अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक आयोजन में जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर, केंद्रीय विद्यालय बचेली, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, अरुणोदय विद्यालय सहित दंतेवाड़ा जिले के अन्य प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञानवृद्धि, आत्मविश्वास, तार्किक क्षमता तथा राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक विषयों में सराहनीय प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा प्रमोद ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उन्हें प्रतिस्पर्धी वातावरण के लिए तैयार करती हैं। विद्यालय के प्राचार्य किशन लाल मीणा ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, अतिथि विद्यालयों एवं आयोजन से जुड़े शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने की बात कही।

### कांग्रेस हमेशा गरीबों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

# सरकार की नीतियों से गरीब-मजदूरों का अधिकार पड़ा खतरे में : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत बस्तर विधानसभा क्षेत्र के करपावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगनार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के ग्राम पंचायत मंगनार पहुंचने पर माता-बहनों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। लखेश्वर बघेल ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि करोड़ों गरीब, आदिवासी और मजदूर परिवारों के लिए सम्मान के साथ जीवन यापन और आजीविका का सबसे बड़ा सहारा है। उन्होंने कहा कि आज गांव-गांव में मनरेगा के तहत काम नहीं मिल रहा है, मजदूरी भुगतान में महीनों की देरी हो रही है, जॉब कार्ड होने के बावजूद लोगों को रोजगार नहीं दिया जा रहा यह स्थिति सरकार की गलत नीतियों और उदासीन रवैये का परिणाम है। सरकार रोजगार देने के बजाय लोगों को शहरों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर कर रही है। कांग्रेस पार्टी गरीबों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रही है और मनरेगा बचाओ संग्राम इसी लड़ाई का हिस्सा है। जब तक अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक रोजगार का अधिकार सुनिश्चित नहीं होगा, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहें और इस संघर्ष में एकजुट होकर भाग लें।

■ मनरेगा ग्रामीणों के आजीविका का सबसे बड़ा सहारा

इस दौरान मौजूद रहे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनाधर बघेल, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, महिला अध्यक्ष प्रमिला दुग्गा, हेमराज बघेल, मानसिंह कवासी, डोमुधर, जितेंद्र तिवारी, हेमंत कश्यप, राजेश कुमार, किशोर एवं समस्त कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष ने नाली निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

नगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित मेन मार्केट क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम 2 फरवरी को उठाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के द्वारा वार्ड में नवीन नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह नाली गुप्ता दुकान से होते हुए बड़ी नाली तक निर्मित की जाएगी, जिससे क्षेत्र में जल निकासी की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है।

इस निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 3 लाख बताई गई है। लंबे समय से मेन मार्केट क्षेत्र में नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के मौसम में जलभराव और गंदगी की समस्या बनी रहती थी। नवीन नाली निर्माण से न केवल स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि व्यापारियों और आम नागरिकों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र, पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दकी, के. सजी, वार्ड पार्षद राजकुमार सोनी तथा सभी पार्षदगण, वार्डवासी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य किए जा रहे हैं और जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। वार्डवासियों ने इस पहल के लिए नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्य किए जाएंगे।

# कलेक्टर ने विकास कार्यों में तेजी लाने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत नव-स्थापित सुरक्षा कैम्पों के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले गांवों के सर्वेक्षण, सैचुरेशन शिविरों की प्रगति एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों की स्थिति पर चर्चा की गई।

■ कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

कलेक्टर ने स्वास्थ्य, शिक्षा, जल जीवन मिशन, महिला एवं बाल विकास, विद्युत विभाग, सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित सभी प्रमुख विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने एवं आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्यों के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र एवं आयुष्मान कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज शत-प्रतिशत तैयार कराने के निर्देश दिए। बैठक में वनाधिकार प्राप्त किसानों के फौती नामांतरण प्रकरणों के निराकरण, बैंक खाता विहीन तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए विशेष खाता खोलने अभियान तथा नवीन वनाधिकार आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर जिला स्तरीय समिति को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए।

इसके साथ ही नियद नेल्लानार योजना में शामिल गांवों में संचालित विकास कार्यों में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, समस्त अनुभागों के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद ने की बस्तर में वैदिक खेल गतिविधि केंद्र बनाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूजः जगदलपुर






बस्तर अंचल में शिक्षा को संस्कार, अनुशासन और भारतीय शौर्य परंपरा से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल उस समय देखने को मिली, जब संस्कार द गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, चिड़ईपदर, बस्तर द्वारा भव्य सांस्कृतिक एवं मूल्याधारित कार्यक्रम शौर्यम् गुरुकुलम आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल मंचीय प्रस्तुतियों तक सीमित न रहकर चरित्र निर्माण, राष्ट्रभाव, भारतीय संस्कृति और वैदिक जीवन पद्धति का जीवंत संदेश बनकर उभरा।

■ शौर्यम गुरुकुलम संस्कार द गुरुकुल का आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के आगमन के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बस्तर महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे, सहायक थाना प्रभारी अरुण सिन्हा एवं एमआईसी सदस्य संग्राम राणा को तिलक, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रतनलाल जैन, अध्यक्ष संस्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने की। सांसद ने अपने उद्बोधन में घोषणा करते कहा कि उनकी सांसद निधि से 20 लाख की राशि संस्कार द गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, चिड़ईपदर, बस्तर में वैदिक खेल गतिविधि केंद्र की स्थापना हेतु प्रदान की जाएगी। डायरेक्टर अमित कुमार जैन ने बताया कि शुरू में विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्र आराधना गीत की सामूहिक प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे परिसर को राष्ट्रभक्ति की भावना से भर दिया। गणेश वंदना नृत्य के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का क्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत डम्बल मास पीटी, सर्वांगसुंदर व्यायाम, सूर्य, चंद्र एवं भूमि नमस्कार, दंड-बैठक, शिव स्तुति – योग पिरामिड, ने शारीरिक अनुशासन, मानसिक दृढ़ता और आत्मिक संतुलन का प्रभावशाली संदेश दिया। युद्धकला और आत्म-नियंत्रण का सशक्त प्रदर्शन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा राइफल शूटिंग डेमोंस्ट्रेशन, जिसने विद्यार्थियों की एकाग्रता, सटीकता और आत्म-नियंत्रण को दर्शाया। इसके साथ ही अन्य प्रस्तुतियों में भारतीय पारंपरिक युद्ध कलाओं की जीवंत झलक प्रस्तुत की। महाभारत पर आधारित नृत्य नाटिका के माध्यम से धर्म, कर्म और वीरता की शाश्वत गाथा को मंच पर सजीव किया गया।

# ओबीसी महासभा ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा



ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधे श्याम साहू के मार्गदर्शन एवं बस्तर संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु के नेतृत्व में आज जिला मुख्यालय जगदलपुर में जिला अध्यक्ष रघुवंश यादव के द्वारा एवं महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ओबीसी समाज की विभिन्न मांगों को शामिल किया गया है, जिसमें यूजीसी का समर्थन एवं मुख्य रूप से ओबीसी समाज के लिए आरक्षण की मांग की गई है। ओबीसी महासभा ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने ज्ञापन की प्रति लेकर आश्वासन दिया कि वे इस मामले को उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे और ओबीसी समाज की मांगों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान ओम साहू, प्रकाश ठाकुर, शंकर सेन, प्रदीप बघेल, गेंदालाल सोनी, रामेश्वर बीसाई, रितेश सविता, सुरेंद्र सोनी एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों ने लिए जीवन-निर्माण का संकल्प



**जगदलपुर।** दुर्ग से स्कूली बच्चों के जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली "वॉर्म अप" पुस्तक के लेखक ललित कर्णावट के नेतृत्व में जवाहर नवोदय विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक एक घंटे की कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने पढ़ाई के समय ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझा, जिससे उनकी समझ, कौशल और आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके। कार्यशाला में शिक्षित लोगों द्वारा आत्महत्या जैसे कृत्यों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे कभी भी ऐसे नकारात्मक और गलत कदम नहीं उठाएंगे। साथ ही उन्होंने लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और निरंतर परिश्रम के माध्यम से सफलता प्राप्त करने का संकल्प लिया। एक महत्वपूर्ण संकल्प यह भी लिया गया कि वे अपने माता-पिता को कभी वृद्धाश्रम नहीं भेजेंगे। लेखक ने विद्यार्थियों से अपने व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया, ताकि भारत 'विकसित भारत' के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त कर सके। इस अवसर पर "वॉर्म अप" पुस्तक का वितरण भी किया गया।

# 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ



**भोण्ड।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़कानार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष घासी राम बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में परिषद के सचिव अभिजीत महतो, कोषाध्यक्ष मनोज शुक्ला, ग्राम सरपंच सामो कश्यप, प्रधान पाठक धीरेन्द्र यादव तथा विद्यालय की प्राचार्य वंदना माडंकर मंचासीन रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सात दिवसीय विशेष शिविर को छात्राओं के सर्वांगीण विकास, सामाजिक जागरूकता एवं सेवा भावना के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा शिविर की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया।



## खबर संक्षेप

### सामान्य प्रशासन एवं सामान्य सभा की बैठक स्थगित

**कांकेर।** जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन की बैठक 3 फरवरी एवं सामान्य सभा की बैठक 5 फरवरी को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जानी थी। उक्त बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। आगामी बैठक की के बारे में जानकारी बाद में दी जाएगी।

### जहर खाकर युवती ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत साबेर निवासी 28 वर्षीय सुनिता उसेंडी पिता स्व. मंगिया उसेंडी ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। साबेर निवासी 47 वर्षीय सोमू उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 30 जनवरी को जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतिका ने जहर क्यो खाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्टर और एसपी ने तैयारियों की समीक्षा की

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए गए दायित्वों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए तैयारियों को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सी.पी. बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल आड़ावाल में किया गया हवन-पूजन

**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल आड़ावाल में विद्या, सद्बुद्धि, एकाग्रता एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना हेतु हवन-पूजन का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सहभागिता की। हवन-पूजन के दौरान विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि में आहुतियां अर्पित कर मानसिक एकाग्रता, उत्तम शिक्षा, नैतिक मूल्यों एवं जीवन में सफलता की प्रार्थना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह और अनुशासन सराहनीय रहा। विद्यालय के प्राचार्य शैलेश कुमार एवं समस्त शिक्षक आयोजन में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को संस्कार, साधना एवं सकारात्मक सोच के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## शहीद कंगलू कुम्हार की पुण्यतिथि पर दुर्गूकोंदल में उमड़ा जनसैलाब

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने शहादत को किया नमन, भाजपा सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद कंगलू कुम्हार की पुण्यतिथि पर दुर्गकोंदल की धरती एक बार फिर गौरव, बलिदान और जनचेतना की साक्षी बनी। इस अवसर पर आयोजित भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि दुर्गकोंदल क्षेत्र का गोटूल मुंडा गांव पूरे प्रदेश के लिए गौरव है, जहां शहीद कंगलू कुम्हार जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी का जन्म हुआ। उन्होंने कहा आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं, तो यह इन्हीं वीरों के बलिदान का परिणाम है। भूपेश बघेल ने कुम्हार समाज की एकजुटता की सराहना करते हुए समाज को नमन किया। भूपेश बघेल ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि उनकी सरकार ने दुर्गकोंदल महाविद्यालय का नामकरण शहीद कंगलू कुम्हार के नाम पर किया, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष से प्रेरणा ले सके। उन्होंने यह भी बताया कि दुर्गम और आदिवासी बहुल क्षेत्र में आदिवासी समाज के लिए 50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन की स्वीकृति दी गई थी, जो अब पूर्णता की ओर है। पूर्व मुख्यमंत्री ने वर्तमान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की तथाकथित डबल इंजन सरकार में किसान और मजदूर सबसे ज्यादा संकट में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही, धान खरीदी में टोकन नहीं कट रहे, किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। इस अवसर पर भूपेश बघेल ने कुम्हार समाज के लिए 10 लाख रुपए के सामाजिक भवन की घोषणा की। इस घोषणा पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया।

**ये रहे उपस्थित**-आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन, आलोक चंद्राकर, बसंत यादव, नरेंद्र यादव, रूपसिंह पोटाई, कोमल हुपेंदी, ललित नरेटी, देवलाल नरेटी, हरीश चक्रधारी, धनेश नरेटी, गोपी बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, सहित कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक सौंदर्य के साथ शहीदों के कारण जाना जाता है क्षेत्रः सावित्री

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने शहीद कंगलू कुम्हार को नमन करते हुए कहा कि वे ऐसे वीर स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि उनकी विधानसभा केवल प्राकृतिक सौंदर्य के लिए नहीं, बल्कि कंगलू कुम्हार, सुखदेव पातर और इन्दू केवट जैसे अमर शहीदों के कारण भी पूरे प्रदेश में सम्मान की दृष्टि से देखी जाती है। विधायक मंडावी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे किसानों और आदिवासी समाज के प्रति सदैव संवेदनशील रहे हैं और उनका दुर्गकोंदल आगमन क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अर्जुन चक्रधारी ने कहा कि भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में सभी समाजों और सभी त्योहारों को समान सम्मान मिला। उनका दुर्गकोंदल आगमन क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है।

# कोसरिया कुम्हार समाज ने श्रद्धा और सम्मान के साथ दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय कंगलु कुम्हार की पुण्यतिथि के अवसर पर कोसरिया कुम्हार समाज द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल से मेन रोड बस स्टैंड दुर्गूकोदल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कलश यात्रा पारंपरिक वेशभूषा, अनुशासन और उत्साह के साथ निकाली गई। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया, वहीं पुरुष एवं युवा वर्ग भी देशभक्ति और समाज एकता के संदेश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते नजर आए। पूरे मार्ग में जयघोष और श्रद्धांजलि नारों से वातावरण भावनात्मक और प्रेरणादायी बना रहा। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी कंगलु कुम्हार ने देश की आजादी के लिए संघर्ष करते हुए समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी। उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित यह कार्यक्रम नई पीढ़ी को देशभक्ति, त्याग और बलिदान की भावना से जोड़ने का प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने स्वतंत्रता सेनानी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। आयोजन को सफल बनाने में कोसरिया कुम्हार समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# आदिवासी संस्कृति केवल हमारी पहचान ही नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

- छेरका कोलाग नृत्य उत्सव गोंडवाना परंपरा का जीवंत प्रदर्शन



गोंडवाना परंपरा के अनुरूप विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम नवागांव आमागढ़ में हानपतरी के छेरका कोलाग नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़ों की थाप पर जबरदस्त उत्साह के साथ नृत्य करते नजर आए। पूरे गांव में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान गोंडवाना समाज के उपाध्यक्ष रामचंद्र कल्लो ने कहा कि आदिवासी संस्कृति केवल हमारी पहचान ही नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि कोलाग नृत्य जैसे परंपरागत नृत्य हमारे इतिहास, प्रकृति प्रेम और सामूहिक जीवन दर्शन को दर्शाते हैं। इसे सहेजकर रखना आज की पीढ़ी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। आज के समय में आधुनिकता के प्रभाव से आदिवासी परंपराएं धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही हैं। ऐसे में छेरका कोलाग नृत्य जैसे आयोजन युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे अपने पूर्वजों द्वारा सौंपी गई संस्कृति को नृत्य, गीत और पर्व-त्योहारों के माध्यम से जीवित रखें। छेरका कोलाग महोत्सव टीम का नेतृत्व ग्राम गायता हानपतरी बंशीलाल नरेटी, सरीद नरेटी एवं जयराम कोमरा ने किया। टीम के सदस्यों ने परंपरागत वाद्य यंत्रों और लयबद्ध नृत्य के माध्यम से आदिवासी जीवन शैली, प्रकृति से जुड़ाव और सामाजिक एकता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नृत्य करते कलाकारों का जोश देखते ही बनता था। पारंपरिक गीतों और नृत्य की लय पर बुजुर्गों से लेकर युवा वर्ग तक सभी झूमते नजर आए। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि गोंडवाना समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बन गया। समापन अवसर पर समाजजनों ने संकल्प लिया कि वे आने वाली पीढ़ियों को भी अपनी संस्कृति, नृत्य और परंपराओं से जोड़ेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस सांस्कृतिक उत्सव में ग्राम नवागांव हिगनपुरी के गायता नवल सिंह कल्लो, गायता मोतीलाल नरेटी, चिहरो सर्कल अध्यक्ष धरम सिंह नरेटी, सचिव शिवलाल ध्रुव, गोंड ब्लॉक दुर्गूकोदल के उपाध्यक्ष रामचंद्र कल्लो, जोहन गावड़े, ग्राम अध्यक्ष अशोक ध्रुव, जयराम कोमरा, बृजलाल सलाम, देवराज गावड़े, रामसिंह नुरुटी, श्याम प्रसाद, नम्मू राम, प्रेमसिंह मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# हमर लक्ष्य से विद्यार्थियों को नई दिशा शुरू की गई शैक्षणिक हेल्पलाइन सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग कांकेर द्वारा हमर लक्ष्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष शैक्षणिक हेल्पलाइन सेवा की शुरुआत की गई है।

यह पहल जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के निर्देशन में प्रारंभ की गई है। यह हेल्पलाइन सेवा समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत संचालित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क विषयवार मार्गदर्शन, शैक्षणिक सहायता और परीक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन का मानना है कि सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी न केवल परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, बल्कि अपने भविष्य के लिए सही करियर विकल्प भी चुन सकते हैं। हेल्पलाइन के माध्यम से छात्र-छात्राएं पढ़ाई से जुड़ी अपनी समस्याएं, विषयों की कठिनाइयां, उत्तर लेखन, समय प्रबंधन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े प्रश्नों पर विशेषज्ञ शिक्षकों से सीधे संवाद कर सकेंगे। इसके लिए दो हेल्पलाइन नंबर 7389562231 एवं 6264092516 जारी किए गए हैं, जिन पर विद्यार्थी निर्धारित समय पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए सप्ताहवार समय-सारिणी भी तय की गई है। सोमवार, बुधवार, गुरुवार एवं शनिवार को कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों के विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान किया जाएगा, जबकि मंगलवार एवं शुक्रवार को विशेष रूप से कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा। यह हेल्पलाइन सेवा प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7:30 बजे तक संचालित होगी, ताकि विद्यालय समय के बाद विद्यार्थी सहजता से इसका लाभ उठा सकें। हेल्पलाइन के माध्यम से विद्यार्थियों को गणित, भौतिकी, रसायन, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान जैसे प्रमुख विषयों के साथ-साथ राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, जीवविज्ञान, भूगोल और इतिहास में भी मार्गदर्शन मिलेगा। इसके अलावा जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए भी विषय विशेषज्ञों द्वारा विशेष सहयोग दिया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के होनहार विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा कर सकें।

# डिप्टी सीएम ने जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं के साथ किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव का भाजपा जिला कार्यालय कमल सदन में कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कर संगठन की मजबूती पर चर्चा की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महेश जैन समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि संगठन की असली शक्ति उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने आह्वान किया कि कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ और मंडलों में सक्रियता बढ़ाएं। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाएं। संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए शासन की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। जिला अध्यक्ष महेश जैन ने उपमुख्यमंत्री का क्षेत्र आगमन पर स्वागत करते हुए जिले को मिल रही विकास की सौगातों के लिए आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से चारामा विकासखंड के ग्राम टहाकापार के ग्रामीणों ने महानदी पर 32 करोड़ रुपएं की लागत से सेतु निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर माननीय साव का भव्य अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस पुल के निर्माण से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी और आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, हलधर साहू, राजा देवनानी, दिलीप जायसवाल, बृजेश चौहान, अरविंद जैन,संजय सिन्हा, दिनेश रजक, टिकेश्वर सिन्हा, हेमप्रभा कटबेर, अनीता सोनी, अमिता बंजारे, प्रदीप जायसवाल, सह मीडिया प्रभारी मनोज जैन, देवेन्द्र सिंह भाऊ, डॉ देवेन्द्र कुमार साहू, शैलेन्द्र शोरी, ओमप्रकाश साहू, राजा पांडे, दिपांकर सिन्हा, अनुप राठौर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू साहू, घनेंद्र ठाकुर, जयंत अटभैया, डॉ ईश्वर सिन्हा, नंद कुमार ओझा, परमानंद तेता, अनूप शर्मा, तनुज ठाकुर, हेम मंडावी, चारामा जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, रेणुका सिन्हा, संतोषी सिन्हा, आशीष उइके सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# स्कूली छात्र-छात्राओं की सहभागिता से मजबूत हुआ जन-जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



पूर्व भानुप्रतापपुर वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र दुर्गूकोंदल में वनों को आग से बचाने एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अग्नि से वनों को बचाने संबंधी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत साधुमिचगांव मोड़ पर जन-जागरूकता अभियान के तहत आयोजित हुआ, जिसमें वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, अग्नि प्रहरी, वन प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में उप वनमंडलाअधिकारी आईपी गेंद्रे एवं दुर्गूकोंदल वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जंगलों में लगने वाली आग से न केवल बहुमूल्य वन संपदा नष्ट होती है, बल्कि वन्य प्राणियों का जीवन भी गंभीर खतरे में पड़ जाता है। साथ ही पर्यावरण असंतुलन, मृदा की उर्वरता में कमी और जल स्रोतों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है प्रशिक्षण के दौरान आग लगने के प्रमुख कारणों, रोकथाम के उपायों, फायर लाइन निर्माण, प्रारंभिक स्तर पर आग पर नियंत्रण, त्वरित सूचना तंत्र और विभागीय समन्वय की विस्तृत जानकारी दी गई। अग्नि प्रहरियों एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों को बताया गया कि सतर्कता और समय पर कार्रवाई से बड़ी वनाग्नि की घटनाओं को रोका जा सकता है। इस अवसर पर साधुमिचगांव स्कूल के छात्र-छात्राओं को भी वन संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। बच्चों को यह संदेश दिया गया कि जंगल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवनदायिनी संपदा हैं, जिनकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में सिद्धार्थ भारती, एकता कर, अखंड प्रताप तिवारी, डोमार सिंह पटेल, श्रीकान्त यदु, वनपाल हेमलता नरेटी, सतीश कुमार ठाकुर, संजय सेवता, सिताप सिंह नरेटी, लोकेश कुमार उइके सहित समस्त वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति ...

इलेक्टिव कोर्स में से किसी एक का चयन करना होगा. तृतीय सेमेस्टर से छठवें सेमेस्टर तक डिसिप्लिन स्पेसिफीक इलेक्टिव कोर्स का चयन करने पर विद्यार्थी सम्बंधित विषय में ऑनर्स की डिग्री प्राप्त कर पायेगा और ऐसे विद्यार्थियों के लिये स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एक वर्ष का होगा। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध स्किल एन्हासमेंट कोर्स, जैसे बाग़वानी और फूलों की खेती, वर्मिकल्चर और वर्मीकम्पोस्टिंग,नागरिकता, कर्तव्य एवं ई-शासन तथा बैंकिंग परिचालन के बारे में बताते हुए निर्धारित क्रेडिट, निर्धारित अंक,मूल्यांकन की पद्धति आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केके मरकाम ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से महाविद्यालय में उपस्थिति, सतत आंतरिक मूल्यांकन और असाइनमेंट में बेहतर प्रदर्शन और अनुशासन बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में डोमेश केमरो, मनहरण सिन्हा, अनूप यादव, गोपाल साहू, धर्मेंद्र सिन्हा, नरेश साहू, बीए, बीएससी एवं बीकॉम के विद्यार्थी उपस्थित रहें।






तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# दंतेश्वरी मंदिर में चोरी, पुलिस को 6 फरवरी तक का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर की आराध्य देवी माईं दंतेश्वरी मंदिर में हुई गंभीर चोरी की वारदात के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर अब जनआक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। सनातन क्षेत्रीय मंच ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द शातिर चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि 6 फरवरी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो संगठन द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। संगठन का कहना है कि चोरी की घटना को दस दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं, जो गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।सक्षम पदाधिकारियों ने बताया कि यह घटना केवल संपत्ति की चोरी नहीं, बल्कि बस्तर की आस्था और सांस्कृतिक पहचान पर सीधा प्रहार है। संगठन ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी संवेदनशील और ऐतिहासिक धार्मिक स्थल पर हुई चोरी के बावजूद कार्रवाई में ढिलाई चिंताजनक और अस्वीकार्य है। साथ ही मामले में संबंधित थाना प्रभारी सहित जिम्मेदार अफसरों और कर्मचारियों को तत्काल बर्खास्त करने की मांग भी की गई है। ज्ञापन सौंपने वालो में संजय चंदा, अजय सेठिया, हेमराज, अजीत पोडाल, रमेश सम्मलित है। 6 फरवरी तक आरोपियों की गिरफ्तारी, चोरी गए समस्त आभूषणों और प्रतिमाओं की तत्काल बरामदगी, जांच में लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी व जिम्मेदार अफसर-कर्मियों की बर्खास्तगी, तथा मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को उच्चस्तरीय और स्थायी रूप से मजबूत किए जाने की मांग सक्षम द्वारा की गई है।